कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सचिवालय परिसर 4–सुभाष रोड़, देहरादून– 248001
Email id-ceo uttaranchal@eci.gov.in फोन न0 (0135) 2713551
election09@gmail.com फोन न0 (0135) 2713552

संख्या– 139 /XXV–12(11) /2018 देहरादून : दिनांक 06 जनवरी, 2022

सेवा में,

श्री विजय वर्धन डंडरियाल,
कार्यकारिणी सदस्य आर0टी0आई0
निवास–3 नरदेव शास्त्री मार्ग
(कोर्ट रोड़) देहरादून

विषय– **सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना मांगने संबंधी।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक राज्य निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या–749 दिनांक 24.12.2021 के साथ संलग्न आपका अनुरोध पत्र दिनांक 2012.2021 जो इस कार्यालय में दिनांक 27.12. 2021 को प्राप्त हुआ है में मांगी गयी वांछित सूचना कार्यालय में 1 (एक) पेज में धारित है जो संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

इस आदेश के अन्तर्गत दी गई जानकारी से यदि अंसतुष्ट हो तो आदेश प्राप्ति की तिथि से 30 दिन के अन्दर विभाग के अपीलीय अधिकारी जिनका पता निम्नवत है, अपील दायर कर सकते है।

**संलग्नक –यथोपरि।**

**अपीलीय अधिकारी का पता**

सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल,
सचिवालय परिसर 4–सुभाष रोड़,
देहरादून–248001

भवदीय,
B. S. Rawat
(बसन्त सिंह रावत)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

(1)


# कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड

विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001

फोन न0 (0135) – 2713760, 2713551

फैक्स न0 (0135) – 2713724


संख्याः 2223 /XXV– /2021 देहरादून : दिनांक 29 नवम्बर, 2021

सेवा में, **"निर्वाचन–आवश्यक"**

सचिव,
परिवहन,
उत्तराखण्ड शासन।

विषयः– **देहरादून के सम्भागीय परिवहन अधिकारी श्री दिनेश चन्द्र पठोई का उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी पहली लिस्ट में सुगम से दुर्गम में स्थानान्तरण ना होने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक मा0 मुख्य चुनाव आयुक्त महोदय, भारत निर्वाचन आयोग की E- mail दिनांक 29 नवम्बर, 2021 के माध्यम से श्री विजय वर्धन डंडरियाल, अध्यक्ष महानगर बस सिटी सेवा (महासंघ) कार्यकारिणी सदस्य आरटीआई क्लब देहरादून का शिकायती पत्र दिनांक 27 नवम्बर, 2021 के साथ अनिवार्य वार्षिक स्थानान्तरण–2021 परिवहन विभाग उत्तराखण्ड शासन से सम्बन्धित सूची (प्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

अतः उक्त सन्दर्भित पत्र को संलग्न प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। कृपया विधान सभा सामान्य निर्वाचन, 2022 के दृष्टिगत उक्त प्रकरण पर नियमानुसार आयोग के तद्विषयक दिशा–निर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करवाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः–यथोपरि।

भवदीय,

( मस्तू दास )
सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उत्तराखण्ड ।

पृ0संख्या– 2223 / XXV- /2021 तद्दिनांकित

प्रतिलिपिः–

1– प्रधान सचिव, भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, नई दिल्ली को मा0 मुख्य चुनाव आयुक्त महोदय की E- mail दिनांक 29–11–2021 पूर्वान्ह 11:26 के माध्यम से प्राप्त उक्त शिकायत के सन्दर्भ में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2– श्री विजय वर्धन डंडरियाल, अध्यक्ष, महानगर बस सिटी सेवा (महासंघ) कार्यकारिणी सदस्य आरटीआई क्लब देहरादून को उनके उक्त वर्णित पत्र के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

( मस्तू दास )
सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उत्तराखण्ड ।

प्राप्त - 27/12/21

कार्यालय सचिव एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी
पत्र प्राप्ति का दिनांक- 27/12/21
रजिस्टर क्रमांक- 159 पत्रावली संख्या-

सत्यमेव जयते

# राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड


निर्वाचन भवन, लाडपुर, मसूरी बाईपास, रिंग रोड, देहरादून।

दूरभाष : 0135-2673011, 2671671 टैलीफैक्स : 0135-2670998, 2678945 E-Mail : sec.uttarakhand@gmail.com


संख्या- 749 /सू0काअ0/3050/2021 दिनांक 24 दिसम्बर, 2021

**सूचना के अनुरोध को दूसरे प्राधिकारी को हस्तातंरण**

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी,
कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड,
सचिवालय परिसर, देहरादून।

कार्यालय सचिव एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी
पत्र प्राप्ति का दिनांक- 27/12/21
रजिस्टर क्रमांक- 159 पत्रावली संख्या-

महोदय,

अवगत कराना है कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत श्री विजय वर्धन डंडरियाल, कार्यकारिणी सदस्य आर0टी0आई0, निवास-3 नरदेव शास्त्री मार्ग (कोर्ट रोड) देहरादून द्वारा पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित अनुरोध-पत्र दिनांकित 20.12.2021 राज्य निर्वाचन आयोग में दिनांक 23.12.2021 को प्राप्त हुआ है। अनुरोधकर्ता द्वारा रू0 10.00 का पोस्टल आर्डर भी संलग्न कर प्रेषित किया गया है।

अनुरोधकर्ता से दूरभाष पर हुई वार्तानुसार अनुरोध पत्र में मांगी गयी सूचना आपके विभाग से संबंधित होने के फलस्वरूप सन्दर्भित अनुरोध पत्र की मूलप्रति संलग्न कर आपको इस आशय से अंतरित की जा रही है कि वांछित सूचना नियमानुसार अनुरोधकर्ता को अपने स्तर से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

इस पत्र की एक प्रति अनुरोधकर्ता को सूचनार्थ प्रेषित की जा रही है।

संलग्नक-उपरोक्तानुसार।

Add. C.E.O

भवदीय,

(राजकुमार वर्मा)
सहायक आयुक्त/
लोक सूचना अधिकारी।
मो0 7302254903

(सौजन्या)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
उत्तराखण्ड 27/12/21

संख्या- — /सू0काअ0/3050/2021 तद्दिनांक। (पंजीकृत)

प्रतिलिपिः- श्री विजय वर्धन डंडरियाल, कार्यकारिणी सदस्य आर0टी0आई0, निवास-3 नरदेव शास्त्री मार्ग (कोर्ट रोड) देहरादून को सूचनार्थ।

(राजकुमार वर्मा)
सहायक आयुक्त/
लोक सूचना अधिकारी।

सेवा में

लोक सूचना अधिकारी
कार्यालय मुख्य निर्वाचन आयुक्त
उत्तराखंड निर्वाचन आयोग
निर्वाचन भवन
लाडपुर,बाईपास रोड(रिंग रोड)
देहरादून 248001

विषय :- लोक सूचना अधिनियम सन 2005 के अंतर्गत सूचना चाही गई है।

(1) देहरादून के संभागीय परिवहन अधिकारी श्री दिनेश चंद्र पठोई का नियमानुसार सुगम से दुर्गम में स्थानांतरण ना होने के संबंध में प्रार्थी द्वारा प्रेषित पत्र दिनांक 27- 11- 2021 के संदर्भ में की गई कार्रवाई की सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें । प्रति संलग्न है।

धन्यवाद

प्रार्थी

विजय वर्धन डंडरियाल
कार्यकारिणी सदस्यः- आरटीआई
क्लब देहरादून निवासः-

दिनांक · 20-12-2021

3 नरदेव शास्त्री मार्ग (कोर्ट रोड) देहरादून
पिन कोड 248001
मोबाइल नंबर :-9758121684, 7983193220

पोस्टल आर्डर संलग्न
56F-184865

Received 1110 B-101.
23/12/21
D.E.O

श्री दिनेश
23.12.2021
(राज कुमार वर्मा)
सहायक आयुक्त
राज्य निर्वाचन आयोग
उत्तराखण्ड

अनुरोधकर्ता से वार्ता की गयी। उनके अनुसार इस अनुरोध पत्र का सम्बन्ध विधान सभा निर्वाचन कार्यालय से है। अतः पत्र को CEO को संदर्भण/हस्तांतरण हेतु आलेख प्रस्तुत करें।

23.12.21
(राज कुमार वर्मा)
सहायक आयुक्त
राज्य निर्वाचन आयोग
उत्तराखण्ड

सेवा में

श्रीमान, मुख्य निर्वाचन आयुक्त
उत्तराखंड निर्वाचन आयोग
निर्वाचन भवन
लाडपुर,बाईपास रोड(रिंग रोड)
देहरादून -248001

विषय :- देहरादून के संभागीय परिवहन अधिकारी श्री दिनेश चंद्र पठोई का उत्तराखंड शासन द्वारा जारी पहली लिस्ट में सुगम से दुर्गम में स्थानांतरण ना होने के संबंध में प्रत्यावेदन

महोदय ,

जैसा कि उत्तराखंड शासन द्वारा जारी लिस्ट दिनांक 25 नवंबर 2021 को कुछ संभागीय परिवहन अधिकारियों के स्थानांतरण हो गए हैं जिसमें की कुछ अधिकारियों के नियम के तहत स्थानांतरण हुए लेकिन देहरादून संभाग के परिवहन अधिकारी श्री दिनेश चंद्र पठोई (प्रशासन )का पहली स्थानांतरण की लिस्ट में स्थानांतरण में नाम नहीं है । जबकि इनका भी स्थानांतरण सुगम से दुर्गम में होना था। और वर्तमान में उक्त परिवहन अधिकारी की जॉइनिंग आरटीओ कार्यालय देहरादून में दिनांक 9 जुलाई 2018 को हुई है तो उक्त दिनांक से इनका वर्तमान समय तक 3 वर्ष 6 महीने पूर्ण हो चुके हैं । उक्त परिवहन अधिकारी सिर्फ देहरादून से पौड़ी संभाग एवं पौड़ी संभाग से देहरादून संभाग में ही अपनी ज्वाईनिंग कराकर पद पर सुशोभित रहते हैं ।देहरादून संभाग के आरटीओ कार्यालय राजपुर रोड में पहले भी कई भ्रष्टाचार के मामले समाचार पत्रों की सुर्खियां लेते रहे हैं ।उक्त अधिकारी सिर्फ देहरादून संभाग में ही अपनी जॉइनिंग के लिए लालायित रहते हैं । जबकि स्थानांतरण मामले में देहरादून के संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) का कार्यकाल भी 1 वर्ष भी नहीं हुआ और इनका स्थानांतरण हो गया । परिवहन विभाग में स्थानांतरण में भी नियमों की उपेक्षा /अनदेखी हो रही है। सूत्रों द्वारा ज्ञात हुआ है की परिवहन विभाग में भी स्थानांतरण मामलों में भ्रष्टाचार हो रहा है ।जबकि देहरादून में उपरोक्त अधिकारी का कार्यकाल निष्पक्ष पूर्ण नहीं रहा है। किसी पक्ष को फायदा और किसी पक्ष को नुकसान की नियत का पक्ष रहा है ।

अतः आपसे निवेदन है कि उपरोक्त अधिकारी का भी नियमों के तहत सुगम से दुर्गम में स्थानांतरण किया जाए। जिससे चुनाव में भी परिवहन अधिकारियों द्वारा अपनी ड्यूटी निष्पक्षता के कर सके ।

धन्यवाद

नोट:- कृपया प्रार्थी को भी उपरोक्त विषयक में की गई कार्रवाई से अवगत कराने का कष्ट करें।

प्रेषित प्रति:-
श्रीमान, मुख्य निर्वाचन आयुक्त
भारत निर्वाचन आयोग
पता :- निर्वाचन सदन
अशोक रोड
नई दिल्ली 110001

दिनांक - 27-11-2021

प्रार्थी

विजय वर्धन डंडरियाल
अध्यक्ष
महानगर बस सिटी बस सेवा (महासंघ )
कार्यकारिणी सदस्य:- आरटीआई क्लब देहरादून, उत्तराखंड
मोबाइल 9758121684 , 7983193320
e-mail - vijayvardhandandriyal@gmail.com

अनिवार्य वार्षिक स्थानान्तरण–2021, परिवहन विभाग, उत्तराखण्ड

## पदनाम–सम्भागीय परिवहन अधिकारी

**स्वीकृत पद–** 09
**कार्यरत अधिकारी–** 09
**रिक्त पद–** 00
**स्थानान्तरण हेतु पात्र अधिकारियों का निर्धारणः–**

| क्र०सं० | अधिकारी का नाम सर्वश्री | गृह जनपद | सेवानिवृत्ति की तिथि | पूर्व तैनातियों की तिथि | पूर्व तैनाती कार्यालय | सम्पूर्ण सेवावधि में सुगम क्षेत्र मे तैनाती की अवधि | सम्पूर्ण सेवावधि में दुर्गम क्षेत्र मे तैनाती की अवधि | वर्तमान स्थल पर तैनाती की अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दिनेश चन्द्र पठोई | टिहरी | 30–06–37 | 18–07–2005 | प्रशासनिक अकादमी, नैनीताल | 10 वर्ष<br>01 माह<br>25 दिन | 04 वर्ष<br>07 माह<br>09 दिन | 02 वर्ष<br>10 माह<br>22 दिन | प्रशिक्षु अवधि तैनाती में सम्मिलित नहीं की गयी है। |
| | | | | 14–10–2005 | मुख्यालय प्रशिक्षु | | | | |
| | | | | 27–08–2006 | उत्तरकाशी | | | | |
| | | | | 21–08–2007 | अल्मोड़ा | | | | |
| | | | | 07–07–2008 | ऋषिकेश | | | | |
| | | | | 06–04–2013 | देहरादून | | | | |
| | | | | 09–10–2015 | पौड़ी | | | | |
| | | | | 09–07–2018 | देहरादून | | | | |
| 2 | अनीता चमोला | चमोली | 31–01–38 | 26–10–2009 | कोटद्वार | 09 वर्ष<br>11 माह<br>23 दिन | 01 वर्ष<br>07 माह<br>13 दिन | 09 माह<br>26 दिन | — |
| | | | | 28–02–2014 | टिहरी | | | | |
| | | | | 12–10–2015 | ऋषिकेश | | | | |
| | | | | 05–08–2020 | मुख्यालय | | | | |
| 3 | संदीप सैनी | हरिद्वार | 31–07–40 | 26–10–2009 | अल्मोड़ा | 09 वर्ष<br>06 माह<br>17 दिन | 02 वर्ष<br>19 दिन | 07 माह<br>14 दिन | — |
| | | | | 07–07–2010 | उधमसिंहनगर | | | | |
| | | | | 10–08–2012 | देहरादून | | | | |
| | | | | 04–02–2017 | अल्मोड़ा | | | | |
| | | | | 27–03–2017 | पौड़ी सम्बद्ध | | | | |
| | | | | 18–06–2018 | मुख्यालय सम्बद्ध | | | | |
| | | | | 15–09–2018 | उधमसिंहनगर | | | | |
| | | | | 17–10–2020 | देहरादून | | | | |
| 4 | नन्द किशोर | अल्मोड़ा | 30–06–38 | 26–10–2009 | कर्णप्रयाग | 09 वर्ष<br>02 माह<br>18 दिन | 02 वर्ष<br>04 माह<br>18 दिन | 07 माह<br>14 दिन | — |
| | | | | 09–07–2010 | टनकपुर | | | | |
| | | | | 23–08–2012 | उधमसिंहनगर | | | | |
| | | | | 11–02–2019 | पिथौरागढ़ | | | | |
| | | | | 17–10–2020 | हल्द्वानी | | | | |
| 5 | राजीव कुमार मेहरा | अल्मोड़ा | 30–06–31 | 18–07–2005 | प्रशासनिक अकादमी, नैनीताल | 08 वर्ष<br>07 माह<br>26 दिन | 06 वर्ष<br>01 माह<br>08 दिन | 04 वर्ष<br>04 माह<br>27 दिन | प्रशिक्षु अवधि तैनाती में सम्मिलित नहीं की गयी है।<br>चकराता प्रवर्तन दल के गठन से पूर्व प्रवर्तन दल देहरादून एवं नैनीताल तथा रामनगर प्रवर्तन दलों के गठन से पूर्व प्रवर्तन दल हल्द्वानी को दुर्गम मानते हुये कार्यावधि की गणना की गयी है। |
| | | | | 14–10–2005 | मुख्यालय प्रशिक्षु | | | | |
| | | | | 27–08–2006 | पिथौरागढ़ | | | | |
| | | | | 08–07–2008 | देहरादून (प्रव0) | | | | |
| | | | | 01–08–2009 | हल्द्वानी / उधमसिंहनगर (प्रव0) | | | | |
| | | | | 01–10–2009 | हल्द्वानी (प्रवर्तन) | | | | |
| | | | | 24–08–2012 | हल्द्वानी (प्रशा0) | | | | |
| | | | | 09–04–2013 | अल्मोड़ा | | | | |
| | | | | 23–05–2013 | मुख्यालय | | | | |
| | | | | 04–01–2017 | हल्द्वानी | | | | |

अनिवार्य वार्षिक स्थानान्तरण–2021, परिवहन विभाग, उत्तराखण्ड

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | शैलेश तिवारी | झारखण्ड | 31–10–36 | 28–10–2009 से 31–12–2012 | देहरादून प्रवर्तन (चकराता सहित) | 06 वर्ष 07 माह 15 दिन | 04 वर्ष 11 माह 19 दिन | 01 वर्ष 09 माह 17 दिन | नोट– प्रवर्तन दल चकराता के गठन से पूर्व प्रवर्तन दल, देहरादून की सेवा को दुर्गम में सम्मिलित किया गया है। |
| | | | | 01–01–2013 | देहरादून प्रवर्तन (चकराता छोड़कर) | | | | |
| | | | | 04–05–2013 | ऋषिकेश | | | | |
| | | | | 20–06–2014 | रुड़की | | | | |
| | | | | 14–08–2019 | अल्मोड़ा | | | | |
| 7 | अनिता चन्द | पिथौरागढ | 28–02–32 | 29–10–2009 | अल्मोड़ा | 06 वर्ष 20 दिन | 05 वर्ष 06 माह 13 दिन | 07 माह 09 दिन | — |
| | | | | 01–10–2014 | काशीपुर | | | | |
| | | | | 22–10–2020 | पौड़ी | | | | |
| 8 | गुरदेव सिंह | उधमसिंहनगर | 31–07–35 | 26–10–2009 | टिहरी | 05 वर्ष 06 माह | 06 वर्ष 01 माह 06 दिन | 07 माह 12 दिन | नोट– नैनीताल एवं रामनगर प्रवर्तन दल गठन से पूर्व प्रवर्तन दल, हल्द्वानी की सेवा को दुर्गम सेवा में सम्मिलित किया गया है। |
| | | | | 13–08–2012 | हल्द्वानी प्रवर्तन (नैनीताल/रामनगर सहित) | | | | |
| | | | | 21–04–2015 | हल्द्वानी प्रवर्तन (नैनीताल/रामनगर को छोड़कर) | | | | |
| | | | | 19–10–2020 | अल्मोड़ा | | | | |
| 9 | सुनील शर्मा | उत्तर प्रदेश | 31–05–36 | 26–10–2009 | पौड़ी | 07 वर्ष | 04 वर्ष 07 माह 03 दिन | 01 वर्ष 09 माह 17 दिन | — |
| | | | | 13–08–2012 | हरिद्वार | | | | |
| | | | | 18–10–2015 | विकासनगर | | | | |
| | | | | 14–08–2019 | पौड़ी | | | | |

अनिवार्य वार्षिक स्थानान्तरण–2021, परिवहन विभाग, उत्तराखण्ड

**सुगम क्षेत्र से दुर्गम क्षेत्र में स्थानान्तरण हेतु पात्र अधिकारी (अवरोही क्रम में)**

| क्र0 सं0 | नाम सर्वश्री | सुगम क्षेत्र में वर्तमान तैनाती की अवधि | सुगम क्षेत्र में तैनाती की कुल अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | दिनेश चन्द्र पठोई | 02 वर्ष 10 माह 22 दिन | 10 वर्ष 01 माह 25 दिन |
| 2 | राजीव कुमार मेहरा | 04 वर्ष 04 माह 27 दिन | 08 वर्ष 07 माह 26 दिन |

**दुर्गम क्षेत्र में रिक्तियाँ**

| क्र0 सं0 | कार्यालय का नाम | स्वीकृत पद | रिक्त पदों की संख्या | सम्भावित रिक्तियाँ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पौड़ी | 02 | — | — |
| 2 | अल्मोड़ा | 02 | — | — |
| | योगः– | 04 | — | — |

**दुर्गम क्षेत्र से सुगम क्षेत्र में स्थानान्तरण हेतु पात्र अधिकारी (अवरोही क्रम में)**

| क्र0 सं0 | नाम सर्वश्री | दुर्गम क्षेत्र में वर्तमान तैनाती | | दुर्गम क्षेत्र में कुल तैनाती | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अवधि | धारा 20(ख) का लाभ प्रदान किये जाने पर अवधि | अवधि | धारा 20(ख) का लाभ प्रदान किये जाने पर अवधि |
| स्थानान्तरण हेतु पात्र अधिकारी उपलब्ध नहीं हैं। | | | | | |

**सुगम क्षेत्र में रिक्तियाँ**

| क्र0 सं0 | कार्यालय का नाम | स्वीकृत पद | रिक्त पदों की संख्या | सम्भावित रिक्तियाँ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | देहरादून | 02 | — | 01 |
| 2 | हल्द्वानी | 02 | — | 01 |
| 3 | मुख्यालय | 01 | — | — |
| | योगः– | 05 | — | 02 |